**खबर संक्षेप**

## श्री दादा दरबार लघाटोला में आज निकाली जाएगी कलश शोभायात्रा

**निवास।** श्री दादा दरबार लघाटोला में आज 2 जनवरी से श्री रूद्र पंच कुंडीय यज्ञ एवं शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। जो 2 जनवरी से 8 जनवरी तक चलेगा। इस आयोजन में कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री द्वारा भगवान शिव की संगीतमयी कथा सुनाई जाएगी। वहीं यज्ञाचार्य पं श्री दत्त शास्त्री के सानिध्य में श्री रूद्र पंच कुंडीय यज्ञ का अनुष्ठान कराया जाएगा। आज आयोजन के पहले दिन कथा स्थल श्री दादा दरबार लघाटोला निवास से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। 3 जनवरी को आरणी मंथन के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से संगीतमयी कथा पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले द्वारा सुनाई जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## राम धुन एवं भण्डारा कार्य क्रम सम्पन्न

**भुआबिछिया।** योग वेदांत सेवा समिति संत आशाराम आश्रम गढीटोला में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक संगीत मय श्री राम धुन का आयोजन हुआ साथ ही भण्डारा का महाप्रसाद वितरित किए गया कार्यक्रम में योग वेदांत समिति जबलपुर की भजन मंडली, मानस मण्डली घुटास क्षेत्र, शंकर घाट बोड़ला, सहित हरि ओम साधक सदस्यों की उपस्थिति गौरवपूर्ण रही।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बांदरवाड़ी शिविर में बनाए गए 19 बैगाओं के आधार कार्ड

**मण्डला।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। 1 जनवरी को मवई विकासखंड के बांदरवाड़ी ग्राम में शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम के 19 बैगाओं के आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत मवई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कपिल तिवारी सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शराब पर लगे प्रतिबंध तो कम हों दुर्घटनायें**

# चालकों की हड़ताल से हड़कम्प

*** नये कानून से दहशत में हैं चालक, परिचालक।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




केंद्र सरकार की ओर से हिट एंड रन को लेकर नई परिवहन नीति में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत धारा 304-A के तहत सड़क दुर्घटना में दोषी पाए जाने पर चालकों और परिचालकों को 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है, जो चालकों-परिचालकों को नागवार गुजर रहा है. लिहाजा, इसके खिलाफ सभी बस, ट्रक और टैंकर ड्राइवरों ने हड़ताल की शुरुआत कर दी है। ड्राइवरों की मांग है। कि केंद्र सरकार इस कानून को वापस ले। गौरतलब है कि नए कानून के तहत दुर्घटना होने पर यदि ड्राइवर घायल को हॉस्पिटल पहुंचाने के बजाय छोड़कर भागते हैं, तो दस साल की सजा के अलावा अर्थ दंड भी देना पड़ेगा। ड्राइवरों के संगठन इस कानून को अपने परिवारों की सुरक्षा के लिए खतरा मानकर विरोध कर रहे हैं।

जबकि सरकार सहित हर व्यक्ति जनता है कि कोई भी वाहन चालक जानबूझकर कोई घटना कारित नहीं करता, वहीं पिछले कई वर्षों से हो रहे सड़क हादसों में पुलिस जाँच व अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार अधिकांश सड़क दुर्घटना शराब का सेवन कर वाहन चलाना पाया गया है, जिनमें ज्यादातर दोपहिया या कार चालक अनियंत्रित वाहन चलाते हुये बड़े वाहनों से भिड़ जाते हैं ऐसे हादसों की जिम्मेदार भी सरकार ही है क्योंकि देश प्रदेश में लगातार शराब के ठेके खोले जा रहे हैं, और इन ठेकों की आड़ में अनेकों दुकानों में अवैध शराब बेची जा रही है जिसकी सहज उपलब्धता होने पर आम आदमी जरा भी आर्थिक संकट आते ही इन ठेकों की ओर आकर्षित होता है व शराब का सेवन कर तनावग्रस्त मस्तिष्क से वाहन चलाता है जिससे सड़क हादसों में खासी वृद्धि हुई है।



शासन और प्रशासन को इस पक्ष पर गंभीरता से चिंतन कर अपने उस फैसले पर पुनः विचार करना होगा जिससे नाराज होकर देशभर के वाहन चालक विकास के पहिये रोककर देशव्यापी हड़ताल पर हैं, जिसके गंभीर परिणाम एक दिन बाद ही दिखने शुरू हो गये हैं अगर ये आंदोलन चार पांच दिन ही चला तो सरकार को न सिर्फ राजस्व की भारी हानि होगी बल्कि आम आदमी का दैनिक जीवन भी संकटो से भरा रहेगा।

### पेटोल पम्पों पर लगी लंबी कतारें

रविवार को जैसे ही टक चालकों की हड़ताल की खबरें आने लगी उसी दौरान सोशल मीडिया में पेटोल डीजल से संबंधित पोस्ट भी लोगों ने डालना शुरू कर दिया जिसके चलते पेटोल पम्पों में लगातार भीड़ बढ़ने लगी जिसे आवश्यकता नहीं थी वह व्यक्ति भी पेट्रोल पम्पों पर पहुंचकर पेट्रोल के लिये खड़ा हो गया जिसे एक लीटर पेट्रोल की आवश्यकता थी उसने 4 से 5 लीटर पेट्रोल खरीदा और जिसे बिल्कुल भी आवश्यता नहीं थी उसने भी पेट्रोल खरीदने प्रयास किया और देखते ही देखते पेट्रोल पम्प से पेट्रोल खाली होने लगा। कल सोमवार को पेट्रोल के लिये लोग दिनभर भटकते नजर आये बस न चलने से यह समस्या और भी गंभीर होती गई आज यदि प्रशासन ने कोई सुविधाजनक व्यवस्था नहीं बनाई तो लोगों की समस्या और बढ़ने वाली है।

## डीजल, पेट्रोल विक्रय में पारदर्शिता रखें-डॉ. सिडाना

वाहन चालकों की हड़ताल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक ली। कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि पेट्रोल पंपों में डीजल, पेट्रोल विक्रय के संबंध में जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए विक्रय में पारदर्शिता रखें। पेट्रोल पंप संचालक आपस में समन्वय करते हुए सभी पंपों में डीजल, पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। प्रतिदिन के स्टॉक की जानकारी संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने डीजल, पेट्रोल के वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में प्रत्येक पंप में एक अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि डीजल, पेट्रोल की उपलब्धता की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि डीजल, पेट्रोल लेने के लिए वाहनों को प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी पंप संचालकों से आव्हान किया कि वे डीजल, पेट्रोल लेने जाने वाले प्रत्येक वाहन की जानकारी कंट्रोल रूम में उपलब्ध कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# बाघ के दीदार से आनंदित हो रहे कान्हा में पर्यटक



*** नववर्ष के पहले दिन गुलजार रहा कान्हा पार्क।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कान्हा नेशनल पार्क नए वर्ष के पहले दिन पर्यटकों से गुलजार नजर आया। शीतकालीन छुट्टियों के चलते यहां लगातार पर्यटकों भ्रमण करने पहुंच रहे है। लेकिन कोरोना के पहले जैसा माहौल पार्क में नजर नहीं आ रहा है, आन लाईन टिकट जनवरी के एक सप्ताह तक फुल है। बता दे कि कान्हा नेशनल पार्क में आने के लिए अब सैलानियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यहां आने के लिए बुक की जाने वाली ऑनलाइन टिकट पूरी तरह से फुल दिखा रही हैं। जिसके कारण पार्क आने वाले सैलानियो को भ्रमण के लिए टिकट नहीं मिल पा रही हैं। वही जनवरी के पहले सप्ताह तक की सारी टिकट आनलाइन फुल दिख रही हैं।

कान्हा नेशनल पार्क का भ्रमण करने पहुंचे पर्यटकों ने बताया कि कान्हा का जंगल बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। यहां बार-बार आने का मन करता है। पर्यटकों ने बताया कि इससे पहले भी कान्हा पार्क में बाघों को देखने का मौका हमें मिल चुका है। पर्यटकों ने कान्हा को सबसे बेहतरीन बताया। पर्यटकों का कहना था कि उन्हें तो वापस कान्हा देखने आना ही था। लेकिन इस बार तो कभी न भूलने वाला अवसर कान्हा में मिल गया। अब तो बार बार कान्हा आने का मन करेगा।

### बाघ के हो रहे दीदार

कान्हा घूमने आने के लिए पर्यटकों को पहले ऑनलाइन टिकट बुक कराना पड़ता है. जिसके बाद ही पर्यटक प्रकृति और टाईगर के साथ ही दूसरे वन्य प्राणी का दीदार करने आ सकते हैं। कान्हा में इस समय कई टाइगर है जो अक्सर लोगों को दिखाई दे जाते है। पार्क में जहां नैना, नीलम, युवराज, बजरंग समेत अन्य बाघ दिखाई दे है। अब मोहनी नाम की टाइगर भी पर्यटकों को देखने मिल रही है। सफारी के दौरान मोहनी को देख पर्यटक बेहद रोमांचित हो रहे हैं। कान्हा जोन में नीलम भी देखी जा रही हैं। इस समय बाघ को पर्यटक काफी नजदीक देखकर आनंदित हो रहे हैं। पर्यटकों को बाघ देखने का मौका इस तरह काफी कम मिलता है।



# कलेक्टर एवं एसपी ने ली ट्रक, बस ऑपरेटर तथा वाहन चालक संगठनों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




ट्रक, बस ऑपरेटर तथा वाहन चालक संगठनों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि स्थानीय लोगों के हितों की चिंता करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अधिकार के साथ-साथ हम अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि वे अपनी बात को सकारात्मक रूप से रखते हुए जनहित के कार्यों में अपनी सहभागिता करें। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि हड़ताल के दौरान प्रत्येक व्यक्ति कानून का सख्ती से पालन करें, जो लोग स्वेच्छा से कार्य कर रहे हैं उन्हें रोकने का प्रयास न करें। एम्बूलेंस, डीजल पेट्रोल टेंकर, दूध, खाद्य सामग्री सहित अन्य अत्यधिक महत्वपूर्ण सेवाओं को बाधित करने का प्रयास न करें।

बैठक में ट्रक, बस ऑपरेटर्स तथा वाहन चालक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विश्वास दिलाया कि वे शांतिपूर्वक अपनी बात रखते हुए जिले की सभी महत्वपूर्ण सेवाओं को निर्बाद्ध रूप से जारी रखेंगे। जिला योजना भवन में संपन्न हुई बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे सहित संबंधित अधिकारी तथा माहिष्मति बस ऑपरेटर संघ से लीला बर्वे, चालक परिचालक संघ से आनंद तिवारी एवं प्रभु पटेल, ऑल इंडिया ट्रक यूनियन के शेख शहीद बबलू भाईजान एवं लोकल ट्रक यूनियन के जहूर अहमद सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## परिणामों को बेहतर बनाने का पुरज़ोर प्रयास करें अधिकारी-डॉ. सिडाना

**मण्डला।** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए बेहतर कार्य करें। सभी अधिकारी परिणामों को बेहतर बनाने का पुरज़ोर प्रयास करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभाग अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को शासन की योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने की कार्यवाही करें। उन्होंने यात्रा के आयोजन की तिथियों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों पर समय पर सकारात्मक जवाब प्रस्तुत करें। पिछले माह से बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने जनसुनवाई, टीएल प्रकरण, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, खुले में मांस का विक्रय के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

**उत्साह** | **पर्यटन स्थलों में रही भीड़, हुए धार्मिक आयोजन, मंदिरों में रही भीड़**

# नववर्ष का उत्साह के साथ युवाओं ने किया स्वागत

*** पेट्रोल की किल्लत से हुआ नववर्ष प्रभावित।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



नई उम्मीदों और नई सोच के संग नव वर्ष का अपने ही अंदाज में हर किसी ने स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने नव वर्ष के लिए सपने अपने मन में सजाए। किसी ने सकारात्मक सोच का मन बनाया तो किसी ने अपनी किसी एक बुरी आदत को छोडने का तो किसी ने नई सोच के साथ रात 12 बजे ही नववर्ष के जश्न के साथ नए साल की शुरुआत की। सभी का नव वर्ष पर कोई न कोई नया अंदाज अवश्य दिखा। नव वर्ष का पहला दिन लोग खुशियों के साथ मनाए और लोग पर्यटन स्थल के साथ धार्मिक स्थल पहुंचे।

नया वर्ष का आगाज हो गया और वर्ष 2024 का पहला दिन लोगों के लिए शानदार रहा। प्रकृति ने भी अपने रंग खूब दिखाये। नया वर्ष की सुबह ठंडक लेकर आई। मौसम का तापमान दिनभर अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहा। कोहरे की धुंध दिनभर दिखाई दी। नव वर्ष 2024 ने दस्तक दे दी। बीते वर्ष की खट्टी-मीठी बातों को भूलकर नए वर्ष को हर्षोल्लास मनाने मे लग गए। जिलावासियों ने नववर्ष का स्वागत अपने-अपने तरीके से किया। कुछ ने हवन करवाकर तो कुछ ने घूमने का प्लान बनाकर और कुछ ने शॉपिंग करके नए वर्ष 2024 का गर्मजोशी से स्वागत किया।



### मंदिर में माथा टेक कर किया नववर्ष का स्वागत

नए साल 2024 के आगाज पर बड़ी संख्या में युवा धार्मिक स्थलों पर पहुंचे। मंदिरों में सुबह से ही श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वहीं गुरुद्वारों में भी लोगों ने अरदास कर दुआ मांगी। जिले के प्रसिद्ध मंदिरों, नर्मदा नदी में सुबह पांच बजे से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। मंदिर समितियों की तरफ से भी इंतजाम किए गए थे। सुबह आठ बजे के आसपास काफी भीड़ एकत्र हो गई थी। माथा टेकने वालों में अधिकतर युवा थे। सूर्यकुण्ड धाम, शीतला मंदिर, गुरुद्वारा, आईटीआई दुर्गा मंदिर, सिद्धबाबा टेकरी, नर्मदा घाटों में खासी भीड़ रही। माथा टेककर आने वाले कई लोगों ने अमन चैन की प्रार्थना की।

### नर्मदा घाटों में रही भीड़

नए वर्ष के अवसर पर नगर के नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से ही न केवल शहर तथा आसपास के ग्रामों में बल्कि बालाघाट, सिवनी, गोंदिया, रायपुर आदि शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान व नव वर्ष मनाने पहुंचे। रपटाघाट, संगमघाट महाराजपुर समेत पर्यटन स्थल सहस्त्रधारा में श्रद्धालुओं का हुजूम लगा रहा। वही जिले के आसपास के पर्यटन स्थलो के नर्मदा घाटों में भी लोगों की भीड़ देखी गई। नर्मदा मंदिर, दुर्गा मंदिर में कथा, हवन पूजन कर नववर्ष की शुरूआत की।

### सहस्त्रधारा में भी रही लोगों की भीड़

इधर नववर्ष की धूम सुदूर ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्रों में भी देखने को मिली और कही नर्मदा के रमणीय स्थलों जैसे सहस्त्रधारा में भी लोगों का हुजूम देखने को मिला। जहां लोग पूजन के साथ-साथ पिकनिक का भी आनंद लिया। प्रकृति की घनी वादियों के बीच परिवार व साथियों के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। शायद ही कोई ऐसा रमणीक स्थल होगा जहां पहली जनवरी को पिकनिक मनाने टोली न पहुंचा हो। कई टोलियां पिकनिक के दौरान गीतों की धुन पर जमकर थिरकते देखे गये।

### बाजारों व चौपाटी में रही धूम

नए वर्ष के आगाज के साथ ही बाजारों और नगर में स्थित चौपाटी में लोग की धूम रही। लोग नए वर्ष के कैलेंडर खरीदते हुए देखे गए कुछ लोग शहर में स्थित चौपाटी में तरह तरह के चाट, फुल्की के स्वाद चखते नजर आए।

## प्राकृतिक, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का छात्राओं ने किया शैक्षिक अध्ययन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थल महामाया देवी मंदिर रतनपुर, कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन बिलासपुर एवं अनेक प्राकृतिक, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का प्राचार्य वीरेन्द्र परतेती के मार्गदर्शन में शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

जिसमें छात्राओं को सिद्ध पीठ महामाया भारतीय स्थापत्य कला के नागर शैली से निर्मित है ।कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन में छात्राओं को भारतीय प्रजाति की बाइसन, हिरण, ईगु, शुतुरमुर्ग, शेर, चीता, तेन्दूआ, चिड़िया, सांप की प्रजातियां, पक्षियों की प्रजातियां तथा दरियाई घोड़े को देखने का मौका मिला जिससे छात्राएं देखकर अति उत्साहित हुई छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों में वन्य प्राणी संरक्षण एवं जीवन वृत्त का अध्ययन किया।

शैक्षिक भ्रमण में शिक्षक श्वेता वरकडे, सुरेश कुमार आर्मो, एम.एस मुरली, कृष्ण टेकाम, दुर्गेश्वरी अंकित पटेल, रामसखी कोकडरिया, ललित भांवरे, खुमान सिंह पुरुषोत्तम पटेल, लक्ष्मी टेकाम, मंगरु लाल टेकाम, लीला ठाकरे वर्षा रंहागडाले निहारिका ठाकुर सहित छात्राएं शामिल थी

## खबर संक्षेप

### गांव गांव विधायक सांसद निधि से बने यात्री प्रतिक्षालय हो रहे बदहाली का शिकार

**मनवारा।** कुछ वर्ष पूर्व जिस प्रकार से गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद, विधायक निधि या अन्य मदों से लाखो रूपए खर्च कर क्षेत्र के गांवों में जो यात्री प्रतिक्षालय बनवाये गए थे, उनकी दशा शोचनीय हो गयी है तथा वे सिर्फ शोपीस बनकर रह गए है। जानकार सूत्रो के अनुसार बसो की आने की प्रतीक्षा के दौरान लोग इनका उपयोग न के बराबर करतें है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए ग्रामीणजनों ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण करते वक्त जगह की उपयोगिता का ध्यान नही रखा गया है। इस कारण कोई उनका उपयोग करना पसंद नही करता, ग्रामों के जागरूक लोगों का कहना है कि अनेक गांव ऐसे भी है जिनकी सीमा से बाहर यात्री प्रतिक्षालयों का पूर्व में निर्माण हुआ है, इन प्रतिक्षालयों में दरबाजे तक नहीं है और साफ सफाई के अभव में ये बस यात्रियो के बैठने लायक नही रह गए है, चिन्ता की बात यह है कि कई यात्री प्रतिक्षालय असामाजिक तत्वो के बैठक खानो में बदल कर रह गए है तो कुछ में लोगों ने अपनी दुकाने लगाकर अतिक्रमण कर लिया है, इनके निर्माण का मकसद पूरा नहीं होने से ये यात्री प्रतीक्षालय शासन के धन की होली खेलने की मिसाल पेश कर रहे है।

### नगर में पोस्टरों के चलते हरियाली की चुनरी को लग रहा ग्रहण

**गाडरवारा।** शहर की सड़कों के किनारे और व्यस्ततम माने जाने वाले इलाको में विभिन्न संस्थाओं ने पूर्व वर्षो में जो वृक्ष लगवाये थे वे भले छाया देने की स्थिति में आ गए है, किन्तु प्रशासन की अनदेखी से इन वृक्षो को प्रचार प्रसार का माध्यम बनाने का सिलसिला चल रहा है। बताया जाता है कि शहर की सड़कों के किनारे सीना तान खड़े वृक्षो पर कीलें ठोंककर बड़े पोस्टर, बैनर, प्लेक्स लगाकर वृक्षो को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, जिससे जहां नगर में फैलने वाली हरियाली की चुनरी को ग्रहण लग रहा है तो दूसरी ओर हरेभरे वृक्षो का उपयोग विज्ञापन वोर्डो के रूप में करने का विरोध करते हुए शहरवासियो का कहना है कि भारतीय संस्कृति में वृक्षो को देवता माना गया है, वृक्ष सजीव होते है, उन पर कीलें, ठोंकना, व्यापारिक स्वार्थ के लिए उनका उपयोग करना उचित नहीं है। वृक्षों पर पोस्टर, बैनर लगाने से शहर का सौंदर्यीकरण जहां प्रभावित होता है, वही बारिश के दिनों में ऑधी, पानी से भी वृक्षो में लगे बड़े बड़े पोस्टर, बैनर दुर्घटनाओं का सबब भी बन सकतें है तथा स्कूली बच्चो के लिए भी ये खतरनाक साबित हों सकतें है। शहरवासियो ने नपा. से गुहार लगायी है कि जनहित में नगर के वृक्षो में लगे बैनर, पोस्टर हटवाये जाए, साथ ही मनचाहे ढंग से कही भी होर्डिग्ज लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### पशु आहार महंगा होने से घरों से गायब हुई गायें

**गाडरवारा।** शहर में पूर्व वर्षों में घरों में गाय, भैसो के रखने का जो चलन था, वह समाप्त होता चला जा रहा है। पशुपालकों की माने तो चार, चूनी, खरी व अन्य पशुआहार मँहगा होने से घरो में दुधारू पशुओं का रखना मुश्किल हो गया है, उन्होने बताया कि पहले दूर दराज गांवो से शहर में चारा बेचने जो लोग आते थे, उनमें से अब यदाकदा ही यहां आ रहे है, जिसके कारण चारे का गट्ठा 80 से लेकर 150 रू. तक बिक रहा है, जिसके चलते पशु मालिक परेशान होते हुए देखे जा रहे है, गौरतलब है कि पशु आहार की मँहगाई ने बहुत से पशुपालकों को शहर की सड़कों पर दिन रात घूमने आजाद कर दिया है और रविवार को लगने वाले पशु बाजार की भी रौनक छीन ली है।

### चिलम के आशिकों की तादात बढ़ी

**सांईखेड़ा।** इन दिनों गाँजे को कहीं भी देखा जा सकता है, लोग खुलकर इसका सेवन कर रहे हैं, अब डर नाम की कोई चीज लोगों में बाकी नहीं रह गई है। हालात अब तो यहाँ तक हो गए हैं कि लोगों के जेबों में गाँजे की पुड़िया तंबाकू या पाऊच की तरह पड़ी रहती है। गाँजे का प्रयोग खासकर युवावर्ग में अधिक हो रहा है।

---

शिवधाम डमरूघाटी सहित अनेक मंदिरों में उमड़ी युवाओं की भीड़

# युवाओं ने उत्साह से मनाया नया वर्ष 2024

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** निश्चित तौर से जिस प्रकार से बीते हुये वर्ष 2023 की शुरूआत जहां संकटों को काटने वाले भगवान हनुमान जी के प्रिय दिवस मंगलवार से हुई थी मगर विदाई सूर्यदेव की प्रिय दिवस रविवार को हुई है। मगर जिस तरह नये वर्ष 2024 की शुरूआत भगवान शिवजी के प्रिय दिवस सोमवार से होना निश्चित तौर से सुखदाई तथा यह वर्ष संकटों से निजात दिलाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इस प्रकार से बीते हुये रविवार यानि की 31 दिसम्बर 2023 की रात वर्ष को अंतिम सलाम कर शहर के युवाओं ने उत्साह से नए वर्ष का जश्न मनाया गया। वही युवाओं ने अनुशासन का परिचय देते हुए विशेष ध्वनियंत्रों के साथ अपने स्तर पर गीत संगीत के कार्यक्रम नगर में अनेक जगहों पर आयोजित किए गये और शहर के सुंदर स्थानों पर पिकनिक मनाने का आनंद लेते हुए अपने साथियों के गले मिल उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई तथा अनेक युवाओं ने फटाखे फोड़ नए वर्ष 2024 का जोरदार स्वागत करते हुये जश्न मनाने के बाद संकल्प लिया कि वे शहर के बहुमुखी विकास में सहभागी बनेगे। वही दूसरी ओर देखने मिला कि रात को टी व्ही पर प्रसारित रंगारंग कार्यक्रमों को देखते हुए घरों में तैयार विभिन्न व्यजंनों के खाने का लुत्फ उठाते हुए लोग देखे गये। इस तरह नये वर्ष की शुभ बेला में कल सोमवार को सुबह के वक्त शहर के मंदिरों में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व पुरूषों ने जाकर भगवान की पूजा, आराधना कर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे नए साल में शहर के निवासियों को खुशहाल होने का आर्शीवाद प्रदान करते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर देखा गया कि नव वर्ष का आगमन सोमवार के दिन अघोषित रूप से अवकाश होने से क्षेत्र के नर्मदा तटों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ते हुए देखी गई, जहां पर सैकड़ों लोगों ने माँ नर्मदा के निर्मल नीर में डुबकी लगाते हुए माँ नर्मदा से क्षेत्रवासियों के लिए सुख शांति का बरदान मांगा गया। वही नए वर्ष की पूर्व बेला में अनेक कार्यालयों में कर्मचारियों ने भी अवकाश न होने के चलते पार्टिया आयोजित नही कर पाये मगर किसी भी प्रकार से नये वर्ष के आगमन की खुशियाँ मनायी गई तो दूसरी ओर नगर की सामाजिक संस्थाओं के तत्वाधान में भी नए वर्ष के स्वागत समारोह आयोजित किए गये। इस दौरान खास बात यह देखने मिली कि नए वर्ष के जश्न में युवाओं ने







## शक्कर नदी पुल पर जाम की स्थिति पैदा होने से परेशान होते रहे आमजन, देर रात तक जहां तहां देखने मिला पिकनिक पार्टियों के आयोजन

गजब का संयम बरता जिससे पुलिस को व्यवस्था बनाने की जहमत नही उठाना पड़ी। वही रविवार को देर रात तक शहर का बाजार गुलजार रहा तो दूसरी ओर नगर में मिठाई, फलों तथा होटलों व सिनेमा घरों में भी काफी भीड़ भाड़ का आलम दिखाई दिया। नव वर्ष की शुभ बेला में नगर के शिवधाम डमरूघाटी में तो स्थिति इस प्रकार से बनी हुई थी कि जहां वह मेला का स्वरूप दिखाई पड़ रहा था। मगर हजारों की संख्या में उमड़ी हुई भीड़ की सुरक्षा पूर्ण रूप से भगवान भरोसे ही दिखाई पड़ी...? कहने के लिये तो यहां पर अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया था। मगर इसके बाद भी व्यवस्थाएं इसलिये नही संभल पाई यहां पर उम्मीद से अधिक जन सैलाब उमड़ते हुये दिखाई पड़ा। यह डमरूघाटी शिवधाम क्षेत्र पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जहां पर देखा जाता है कि हर साल नव वर्ष के अवसर पर भारी मात्रा में भीड़ उमड़ती है। वही दूसरी ओर लोगों को कहना है कि इस भीड़ भाड़ के दौरान अनेक मनचले यहां पर इस प्रकार से मनमानी करते हुए देखे गये जिसके चलते महिलाओं सहित युवतियों को परेशानियों का सामना करते हुए देखा जाता है। मगर इस बार थाना प्रभारी प्रकाश पाठक खुद ही बागडोर संभाले हुये थे जिसके चलते व्यवस्था चुस्त नजर आई। वही दूसरी ओर शिवधाम पहुंचाने वाले मुख्य मार्ग यानि की शक्कर नदी पुल पर जब शिवधाम जाने के लिये भक्तों का हुजूम उमड़ता तो स्थिति इस प्रकार से निर्मित हो गई कि काफी समय तक पुल के ऊपर जाम लगने के कारण अनेक वाहन पुल के बीच में ही फंसे हुये देखे गये। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो प्रशासन इस बात को अच्छे से जानता है कि नये वर्ष के मौके पर शिवधाम में लोगों की भीड़ उमड़ती है। मगर इसके बाद भी व्यवस्था बनाने में प्रशासन द्वारा बरती गई उदासीनता के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है? वही दूसरी ओर समाचार लिखे जाने तक वर्ष के शुरूआत में शांति का महौल देखने मिला किसी भी क्षेत्र से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली। इस प्रकार से नये वर्ष को मंगलमय होने की आशाओं को लेकर जब इस संबंध में जब क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि नये वर्ष की शुरूआत पर मेरी क्षेत्रवासियों से यही कामना है कि वह सब मिलजुलकर एकता का परिचय देते हुए वर्ष 2024 को यादगार बनाने के लिए ऐसी पहल करे जिससे क्षेत्र का विकास होने के साथ साथ लोगों के बीच फैली हुई अनेक बुरी आदतों का समापन हो सके। क्योंकि नया वर्ष तो हर साल यानि की 365 दिनों के बाद बदल जाता है। मगर जब हम लोगों के बीच जो भाईचारा व एकता का संबंध बनता है वह कभी नही बदलता है। इसलिए मै चाहती हूं कि वर्ष 2024 की शुरूआत पर समस्त क्षेत्रवासियों को क्षेत्र की स्वच्छता की शपथ लेते हुए क्षेत्र विकास और भाईचारा कायम करने के लिए एकता का परिचय देना चाहिये। वही क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी का कहना है कि जिस प्रकार से बीते दिवस नये वर्ष की बेला पर युवाओं से लेकर किशारों के आलवा आमजन द्वारा एक दूसरे के गले मिलते हुए नये वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए देखा गया बहुत ही अच्छा लगा। इस प्रकार का स्नेह सदा ही एक दूसरे में बना रहना चाहिए जिससे जहां एकता को मजबूती प्रदान होने के साथ साथ हम बुरे कामों पर अंकुश लगाने में भी सफल हो सकते है और वर्ष 2024 के शुभ आगमन पर में क्षेत्रवासियों से अपेक्षा करता है कि वह क्षेत्र में खुशहाली व शांति बनाने के लिये एक दूसरे सहयोग प्रदान करने के साथ कोरोना की संभावना को ध्यान में रखते हुये सावधानी बरतते हुये खुद के साथ साथ अपने परिवार को सुरक्षित रखे। इसी प्रकार से नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कहना है कि सत्य है कि 364 दिन समाप्त होने के बाद 365 वां दिन वर्ष का अंतिम दिन होता है और उसे लोग वर्ष का अंतिम दिन कहते हुए अगले दिन को नया वर्ष मानते हुए खुशियों का इजहार करते हुए देखे जो सिलसिला हर साल चलता ही रहता है। इस प्रकार से नय वर्ष की बेला पर सभी क्षेत्रवासियों को नये वर्ष की शुभकामनाओं के साथ नगरवासियों से अपेक्षा रखती हूं कि वह नगर के विकास में अपना योगदान देते हुए कोरोना की संभावित लहर को ध्यान में रखते हुये अपनी व अपने परिजनों की सुरक्षित रखते हुये वर्ष 2024 को इस प्रकार से बनाये जो नगर के इतिहास के पन्नों में दर्ज हो सके। वही समाज सेवी जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव का कहना है कि इस नगर सहित के लोगों ने जिस प्रकार से बीते हुए वर्ष 2023 की बिदाई व वर्ष 2024 के आगमन पर क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने मिली उस भाईचारे ने गाडरवारा क्षेत्र की पुरानी शांति प्रिय यादगार को ताजा कर दिया गया है। वही मेरी सभी क्षेत्रवासियों से अपेक्षा है कि जिस तरह कोरोना महामारी की संभावित लहर हमारे सामने खड़ी नजर आ रही है उससे बचाव के लिये सभी उपाय करते हुये खुद व परिवार को सुरक्षित रखने में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। क्योकि बीते हुये वर्ष ने गाडरवारा क्षेत्र को अनेक सौगाते प्रदान की गई है जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र की सेवा करने के लिये एक प्रदेश स्तर पर केबिनेट मंत्री मिला है। हम सभी का यह प्रयास रहना चाहिये कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोड़नी चाहिये।

---

# चीचली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिंहपुर छोटा व मऊ में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा




शामिल हुये शिक्षा मंत्री उदय की गई विकास कार्यो की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा/चीचली।** केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जो जिले के संपूर्ण विकासखंडो में भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस यह विकास यात्रा जनपद पंचायत चीचली क्षेत्र में भ्रमण करते हुये ग्राम पंचायत सिंहपुर छोटा व ग्राम पंचायत मऊ पहुंची तो वहां पर कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत सिंहपुरछोटा एवं मऊ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए और इस दौरान उन्होंने केन्द्र व राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया तथा विकास कार्यो की घोषणा की गई। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सिंह ने अंत्येष्टी सहायता के रूप में श्री राजेश गौड़, श्रीमती हल्केबाई व अभिषेक शर्मा को पाँच हज़ार रुपये प्रदान किये गये। इसी तरह डोरीलाल कौरव, ज्ञानीप्रसाद व श्रीमती शकुन बाई को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किये। वही मध्यप्रदेश भवन एवं कर्मकार मण्डल के अन्तर्गत नेतराम साहू को श्रमिक कार्ड प्रदान किया। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत अनन्या गौंड़ को लाभांवित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री सिंह ने सिंहपुर छोटा में 50 लाख रुपये की राशि से मुख्य मार्ग से माध्यमिक शाला तक सीसी रोड रोड निर्माण की घोषणा करते हुये उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलता की बुलंदी को छू रहा है। केंद्र सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसका लाभ अंतिम छोर पर बैठे हुये व्यक्ति को मिलने के कारण आज उनके चेहरों पर खुशी देखने मिल रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य वंचित पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं से लाभान्वित काराना है।इस दौरन उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हर संभव विकास के कार्य किए जायेंगे। केबिनेट मंत्री सिंह ने ग्राम पंचायत मऊ में तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपये,जिम शेड के लिए 2.5 लाख रुपये तथा नया प्राथमिक शाला भवन स्वीकृति की घोषणा एवं ग्राम कोठिया से नोनिया सड़क मार्ग की डीपीआर तैयार करने की जानकारी दी। इस अवसर पर मौजूद पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, राव संदीप सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और ग्राम मऊ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजनों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस स्टालों का कैबिनेट मंत्री सिंह ने निरीक्षण किया गया तथा इस दौरान उन्होंने ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन भी देखा। ड्रोन द्वारा खेतों में नैनों यूरिया का छिड़काव किया गया।

---

# तेल कंपनियों में टैंकर चालकों की हड़ताल ने नये वर्ष की उमंग को किया फीका

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये जाने वाले नये एक्सीडेंट एक्ट को लेकर गैस व तेल कंपनियों में चलने वाले टैकरों सहित बसों के ड्राईवरों द्वारा इस एक्ट का विरोध करते हुये हड़ताल पर जाने की खबर जिस तरह बिदाई ले रहे वर्ष की अंतिम शाम को सोशल मीडिया पर फैल रही थी उसके चलते वाहन मालिकों को चिंता में देखा जा रहा था तो दूसरी ओर देर रात तक नगर सहित क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की भीड़ लगी हुई दिखाई देने से नही चूक रही थी। क्योंकि लोगों की सोच थी कि यदि नये वर्ष के पहले दिवस उन्हें डीजल पेट्रोल नही मिला तो उनकी नये वर्ष की खुशियाँ मनाने का जो सपना संजोया गया है उस पर पानी फिरने से नही ूक पायेगा और आखिरकार हुआ यही कि क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर चंद घंटों के अंदर आभाव की स्थिति निर्मित होने के चलते जहां डीजल पेट्रोल लेने के लिये खड़ी हुई भीड़ को खाली हाथ लौटते हुये देखा गया और जब लोगों ने सबह की बेला में नये वर्ष 2024 के ऊगते हुये सूरज का स्वागत तो किया गया। मगर उन्होंने जिस तरह नया वर्ष मनाने की जो उमंग दिलों में तैयार की गई



थी उस पर डीजल पेट्रोल नही मिलने के कारण वह अपनी खुशी मनाने क लिये कही जाने से बंचित होते हुये दिखाई देने के कारण घरों के अंदर ही नये वर्ष के जश्न की औपचारिकता निभाते हुये देखे गये। इस तरह से देखा जावे तो नगर में तेल कंपनी के वाहन चालकों द्वारा छेड़ी की विरोध की इस मुहिम को बस चालको सहित अन्य वाहनों के चालको व मालिको द्वारा अपना समर्थन देने के कारण नगर सहित क्षेत्र की सड़को से अनेक बडे वाहन व बसे गायब नजर आने के कारण लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा गया तो दूसरी ओर आटों सहित अन्य वाहन जो सड़को पर दौड़ रहे थें वह इस बात का फायदा उठाते हुये लोगों से मनमाने पैसा बसूल करने में पीछे दिखाई नही दे रहे थें..? इस प्रकार से देखा जावे तो शुरू हुये वर्ष 2024 का पहला दिन निश्चित तौर से आम जन के लिये परेशानियों से भरा रहने से नही चूक पाया है और लोगों का कहना है कि नये वर्ष के पहले दिन से शुरू हुई यह परेशानी पता नही कितने दिनों तक कायम रहेगी..? वही दूसरी ओर हर वर्ष देखा जाता था कि नये वर्ष के बेला पर नगर के डमरूघाटी सहित अन्य जगहों पर जिस तरह की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती थी और दूर दूर से लोग अपने वाहनों के माध्यम से यहां पर पहुंचत थें। मगर डीजल पेट्रोल के आभाव में इस वर्ष वाहनों की संख्या में कमी देखने मिली। इस तरह समाचार लिखे जाने तक नगर हित क्षेत्र के अनेक प्रेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल के आभाव में ताले लटके रहने से मासूसी का महौल दिखाई देने से नही चूक पा रहा था?

---

# राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर नाली का गंदा पानी बहने से सड़क ले रही नाले का रूप



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय जिस प्रकार से नगर के समीप से निकला हुआ राष्ट्रीय स्तर का राज मार्ग यानि की गाडरवारा करेली मार्ग पर जहां तहां निकल रहे गड्ढे आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनते हुये जान लेवा साबित होते हुये देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर नगर के वायपास मार्ग पर अनुसूचित जाति छात्रावास के पास बनी हुई इस मार्ग की सीमेन्ट सड़क पर दिन भर नाली का गंदा पानी बहने के कारण यह सड़क सड़क के रूप में कम और नाली के रूप में अधिक दिखाई देने से नही चूक रही है? क्योंकि सीमेन्ट सड़क से दिन भर नाली का गंदा पानी बहने की स्थिति में जहां एक ओर सड़क को क्षति पहुंचते हुये तो देखी ही जा रही है, वही दूसरी ओर जब इस मार्ग से तेज गति के साथ बड़े वाहनों का निकलना होता है तो यह गंदा पानी वाहन के समीप से निकलने वाले लोगों की सूरत बदलने में भी कोई कसर नही छोड़ रहा है? इस स्थिति में चलते राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर इस प्रकार से नाली का गंदा पानी बहने की सच्चाई जहां आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनते हुये देखी जा रही है, मगर इसके बाद भी किसी भी जिम्मेदार द्वारा इस सच्चाई की ओर ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है?

---

# सड़क पर बढ़ते वाहनों के दवाव से बन रहा खतरा, वायपास मार्ग की उठने लगी मांग

**हरिभूमि न्यूज/कौंडिया।** इस समय देखा जा रहा है कि संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमाचौकड़ी मची रही है, वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से ग्राम के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम कौड़िया में देखने मिल रही है,

ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राज्य सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने के कारण दिन भर सडक पर वेखौप दौडतें वाहनों से छोटे बडे जानलेबा गंभीर दुर्घटनाए भी होते हुए देखी जाती है, जगह के अभाव में सडक परिवहन करते समय ग्राम के मुख्य रास्तो पर वाहनो की लंबी लगने वाली लाईनों के चलते जाम की स्थिति बनते हुए देखी जाती है, वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा भी सडको पर वाहनो को बेतरतीब तरीके से खडे कर दिया जाता है और अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपने भवनों के लिए लाई जाने वाली निर्माण सामग्री को भी इस मुख्य मार्ग के किनारे ही रख दिया जाता है जिसके चलते यातायात को प्रभावित कर जाम की स्थिति बना देते है, जिसमां प्रमुख रूप से देखा जावे तो चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है, बाकी कसर आटो एवं मिनी बसो वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर अपने वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है, जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है? ग्राम के बीचों से निकले मुख्यमार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है, वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी, क्योंकि जहां मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्कूल से लेकर हाई स्कूल लगा हुआ है, वही ग्राम के अनेक बैको सहित पोस्ट आफिस भी सड़क के किनारे होने के कारण सड़क पर दिन भर भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है, जबकि सड़क घटनाओं में अनेक लोगों की जाने भी जा चुकी है, ग्राम के अंदर आये दिन निर्मित होने वाली इस स्थिति को लेकर लोगों द्वारा ग्राम कौड़यिा के बाहर से वायपास मार्ग निर्माण की मांग की जाने लगी है जिससे लोगों के यातायात में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**खबर संक्षेप**

## मां नर्मदा की गोद में 2024 के आगमन पर युवाओं ने किया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन की दिशा में युवाओं की टीम लगातार कार्य कर रही है। पौधारोपण को लेकर महा अभियान एवं शुभ जीवन मिशन चलाकर समय-समय में पौधों का रोपण लगातार कर रही है। इसी क्रम में वर्ष 2024 के आगमन पर युवाओं ने कजली संगम टाकिन घाट मां नर्मदा की गोद में आज पौधारोपण किया तथा लोगों से अपील की है कि आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या पर पौधारोपण करें एवं पर्यावरण संरक्षण करने का कार्य करें। पौधारोपण के दौरान पटवारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सोहन साहू, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष बिहारीलाल साहू, जिलामंत्री अधिवक्ता निर्मल साहू ,जिला मीडिया प्रभारी पत्रकार भीमशंकर साहू, जिला बाल कार्य प्रमुख कृष्ण कुमार साहू आरएसएस, सदस्य शारदा नामदेव, ईश्वर प्रसाद साहू, कार्तिक साहू, शिवकुमार लाला साहू, रामप्रसाद साहू, नन्ही बिटिया छविश्री साहू सहित आमजन उपस्थित रहे ।

## डिप्टी कलेक्टर ने कार्यालय जनपद पंचायत डिंडौरी का औचक निरीक्षण किया



**हरिभूहिम न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में आज डिप्टी कलेक्टर आर.पी. तिवारी ने कार्यालय जनपद पंचायत डिंडौरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अमृत सरोवर, शिकायत रजिस्टर, आवक-जावक पंजी, कैश बुक, पेंशन प्रकरण, संबल योजना के प्रकरण, मनरेगा के प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, कपिलधारा कूप, पंचायतों में शौचालयों के प्रकरणों और उपस्थित पंजी की जांच की। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित स्टॉफ से विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## आनंदम दीदी कैफे डिंडौरी में गोकुल डेयरी का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में आज 01 जनवरी 2024 को नववर्ष के दिन आनंदम दीदी कैफे में गोकुल डेयरी का शुभारंभ किया गया। साध्वी नीमा बाई ने फीता काटकर गोकुल डेयरी का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस व पार्षद महेन्द्र दाहिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और समूह की दीदियां मौजूद थीं।

# ड्राइवरों में दिखा जमकर आक्रोश




# हिट एंड रन कानून के खिलाफ शहपुरा में ड्राइवरों ने किया हड़ताल

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में ऑटो बस ट्रक ड्राइवरो ने शहपुरा नगर में रैली निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारीबाजी करते हुए नए कानून हिट एंड रन कानून को वापस लेने को लेकर बस स्टैंड शहपुरा में पहुंचकर धरने पर बैठ गए।हिट एंड रन कानून में सजा की अवधि बढ़ाने को लेकर देश भर के ट्रक ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया.

दरअसल नए कानून के तहत, भागने और घातक दुर्घटना की सूचना न देने पर ड्राइवरों को 10 साल तक की जेल हो सकती है. इससे पहले, आईपीसी की धारा 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत आरोपी को केवल दो साल तक की जेल हो सकती थी। सजा की अविध बढ़ाने को लेकर डिंडोरी जिला के शहपुरा में नव वर्ष के दिन बस ऑपरेटर ऑटो ऑपरेटर और ट्रैक ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं, तो वहीं ऑटो चलाने वालों ने भी नए कानून के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। ड्राइवर ब्लॉक संघ




के अध्यक्ष ने रोड ऐक्सिडेंट के नए कानून पर बातचीत करते हुए कहा कि ये एक तुगलकी फरमान है. हमेशा गलती बड़ी गाड़ी वाले की मानी जाती है, और सड़क दुर्घटना के बाद ट्रक और बस ड्राइवर को पीट भी दिया जाता है, अब ऐसे में ड्राइवर तो अपनी जान बचाएगा ही. अब सभी ड्राइवर नौकरी छोड़ कर जा रहे है, क्योंकि उनका कहना है कि इससे अच्छा हम मजदूरी ही कर लें 10 साल की सजा होगी और 7 लाख राशि देनी होगी, एक ड्राइवर अब कहां से इतना पैसा लाएगा।

**हजारों संख्या में लोगों की लगी भीड़**

# झारिया मेहरा समाज ने विधायक ओम प्रकाश धुर्वे का किया जोरदार स्वागत



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिण्डौरी जिले के शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक व भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धुर्वे का रविवार को शहपुरा क्षेत्र के भाजपा समर्थित झारिया समाज कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया।

स्वागत की शुरुआत बटौंधा रोड से किया गया जहां 101 कलशो के साथ 5000 से अधिक झारिया समाज के भाजपा समर्थित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में गाजे बाजे के साथ धूमधाम से आतिशबाजी करते हुए बटौंधा तिराहे से संस्कार पब्लिक स्कूल प्रांगण तक रैली निकालते हुए की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं मां सरस्वती के तैलीय चित्र में माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। झारिया समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारी के द्वारा नवनिर्वाचित विधायक ओमप्रकाश धुर्वे का स्वागत माल्यार्पण कर शाल श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में करीब 40 ग्रामों से आए भाजपा समर्थित झारिया मेहरा समाज के लोगों का फूलमाला सहित भाजपा का गमछा पहनकर स्वागत किया गया। यह उस गांव के कार्यकर्ता थे जिन गांव से भाजपा को भारी बहुमत में वोट मिले थे जिनका सम्मान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने भाजपा का गमछा डालकर और स्मृति चिन्ह देकर किया। इसके साथ ही ऐसे बूथ जहां से भाजपा को एक तरफा वोट मिले थे उन बूथ प्रभारीयो का भी सम्मान कार्यक्रम में किया गया। इसके साथ ही समाज के वह मेधावी छात्र जिन्होंने 10वीं 12वीं सहित अन्य क्षेत्र में समाज का गौरव बढ़ाया है उन मेधावी छात्रों का सम्मान भी विधायक के द्वारा स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट और 1100 रुपए की नगद राशि प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहपुरा जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल ने समाज की ओर से नवनिर्वाचित विधायक का आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात रखी इसके साथ ही जनपद उपाध्यक्ष ने सारे समाज की ओर से विधायक से दो मांगे रखी जिसमें प्रथम मांग विगत कई सालों से झारिया समाज के द्वारा संचालित धर्मशाला का स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध करने एवं नगर के एक निश्चित स्थान पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने और उस स्थान का नाम अबंडकर चैक रखना की मांग रखी।

वही नवनिर्वाचित विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने सभा को संबोधित करते हुए झारिया समाज का आभार व्यक्त किया और कहा कि आज जो मैं विधायक पद पर पुनः निर्वाचित हुआ हूं वह झारिया समाज के समर्थन से ही संभव हुआ है। जहां-जहां झारिया समाज है वहां से मुझे भारी मतों में वोट मिले हैं जिस कारण मैं आज आप सबके बीच हूं। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने झरिया समाज की मांगों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि 1 साल के अंदर ही में झरिया धर्मशाला से जुड़ी कार्यवाही पूर्ण करवाऊंगी और विश्वास दिलाया कि निश्चित तौर पर जल्द ही उसके स्वामित्व के दस्तावेज समाज के पास होंगे इसके साथ ही उन्होंने नगर में एक स्थान चिन्हित कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की बात भी कहीं।

कार्यक्रम में आए सभी लोगों के लिए समाज के द्वारा भोजन की व्यवस्था भी की गई थी इसके साथ ही कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार धर्मेंद्र कौशिक एवं म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों के द्वारा शानदार प्रस्तुतियां भी दी गई जिसका सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में समाज के वरिष्ठों द्वारा नवनिर्वाचित विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विभिन्न ग्रामों के उपसरपंच, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, सहित हजारों की संख्या में झारिया समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जेडी ने नगर परिषद शहपुरा अंतर्गत विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

### -कार्यों में की गई अनियमितताओं की जाँच कर होगी कड़ी कार्रवाई ?

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** सोमवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक जबलपुर परमेश जलोटे ने प्रशासनिक अमले के साथ नगर परिषद क्षेत्र शहपुरा अंतर्गत विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया, जलोटे ने सर्वप्रथम स्थानीय रेस्ट हाउस में नगर परिषद सीएमओ व कर्मचारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए जहाँ शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने भी जेडी को चेतावनी देते हुए जल्द व्यवस्थाएं सुधारने की हिदायत दी जिसके बाद संयुक्त संचालक ने शारदा टेकरी स्थित वाटर फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया तथा सिलगी नदी पर निर्मित बरगांव स्थित इंटकवेल का निरीक्षण कर इंजीनियर को जांच करने की हिदायत दी व सम्बंधित ठेकेदारों व अन्य सम्बंधित दोषियों द्वारा की गई अनियमितताओं पर जांच उपरांत कार्रवाई करने को कहा।





### यहाँ किया निरीक्षण-

निरीक्षण के दौरान शहर के शारदा टेकरी स्थित वाटर फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट का जेडी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए फिल्टर प्लांट की जवाबदारी नगर परिषद को सौंपने के निर्देश दिए व निरीक्षण के दौरान पाई गई अव्यवस्थाओं और मनमाफिक ढंग से की जा रही पानी की सप्लाई के चलते नाराजगी व्यक्त करते हुए संयुक्त संचालक ने व्यवस्था सुधारने हेतु आवश्यक निर्देश दिए तथा जाँच में दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई करने को कहा तो वहीं बरगांव इंटकवेल का निर्माण डीपीआर के अनुसार हुआ है या नहीं इस हेतु इंजीनियर को निर्देशित किया और जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही साथ ही हर महीने स्वयं आकर शाहपुरा नगर परिषद क्षेत्र के कार्यों का निरीक्षण करने की बात भी कही।

### न.प. जनप्रतिनिधियों ने की सीएमओ की शिकायत-

निरीक्षण पर पहुँचे संयुक्त संचालक से नगर परिषद शाहपुरा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष समेत पार्षदों ने पत्र देकर निकाय में पदस्थ सीएमओ राजेश मार्को द्वारा की जा रही विभिन्न अनियमितताओं जैसे सीएमओ द्वारा कूटरचित बिल वाउचर लगाकर फर्जी भुगतान, पीएफएमएस खातों की राशि चहेते सप्लायरों को भुगतान, कायाकल्प योजना में शासन के निर्धारित मापदंडों का उल्लंघन, बस स्टैंड स्थित दुकानों का अनुबंध न होकर किराया न देने के सम्बंध में, 13 करोड़ की लागत वाली नल जल योजना अंतर्गत हर महीने लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी आमजन को पानी न मिलना इसके बावजूद भी ठेकेदार पर कार्रवाई न करने जैसी विभिन्न अनियमितताओं की विस्तृत व उच्चस्तरीय जाँच कर सीएमओ व दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने हेतु पत्र सौंपा।

# दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना अनिवार्यः कलेक्टर

**दोपहिया वाहन से कार्यालय आने वाले सभी शासकीय/अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी हेलमेट लगाकर ही कार्यालय आएं, अन्यथा होगी कार्यवाही**

**हरिभूहिम न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने दोपहिया वाहन चालकों की जीवन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में सभी दोपहिया वाहन चालकों का हेलमेट लगाकर वाहन चलाना अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय/अशासकीय अधिकारी- कर्मचारियों को भी कार्यालय आने-जाने में दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

इसके साथ ही आम नागरिकों को भी सभी ट्राफिक नियमों का पालन करना होगा। जो वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी को उक्त आदेश का पालन सख्ती से कराने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए हैं। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर आर.पी. तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जिले के यूपीएससी और एमपीपीएससी की परीक्षा में चयनित होनहारों को 'स्टार ऑफ द मंथ' से किया सम्मानित-

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज समय-सीमा की बैठक के पूर्व जिले के जिले के यूपीएससी और एमपीपीएससी क्वालिफाइड किये होनहारों को 'स्टार ऑफ द मंथ' से सम्मानित किया। जिसमें उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में चयनित हुए ग्राम कूंडा निवासी अश्वनी दुबे को बैठक में 'स्टार ऑफ द मंथ' से सम्मानित कर बधाई दी। इसी प्रकार से एमपीपीएससी की परीक्षा में चयनित दीपक सिंह मरावी, श्रीमती चित्रलेखा मरावी, सुश्री कौस्तुभ नेताम और पूजा भवेदी को 'स्टार ऑफ द मंथ' से सम्मानित कर बधाई दी है। साथ ही चयनित होनहारों को जिले का नाम रोशन करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से उनका आभार व्यक्त किया है।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं कर्मचारी भी 'स्टार ऑफ द मंथ' सम्मानित हुए- शासकीय हॉयर सेकेण्डरी की होनहार छात्रा सुश्री हर्षिता भवेदी, सुश्री अवंती धुर्वे, सुश्री खुशबू मरावी और सुश्री मधु मरकाम को 'फ्री एनर्जी डिवाईस' तैयार करने व छात्रा सुश्री सुमिता मरावी और सुश्री सोनवती यादव को अनेक प्रकार के बीज एवं वनस्पति के नामों पर आधारित मॉडल तैयार करे पर कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक में 'स्टार ऑफ द मंथ' से सम्मानित किया है। छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी है। उन्होंने इसी प्रकार से उप स्वास्थ्य केन्द्र भैंसवाही में पदस्थ एएनएम श्रीमती देववती अहिरवार को उत्कृष्ट कार्य मूल्यांकन के आधार पर 'स्टार ऑफ द मंथ' से सम्मानित किया।

### मतदाता बनना हुआ आसान-

कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2024 को फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### वोटरलिस्ट में नाम नहीं होने पर रोका जाएगा वेतन-

कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किये हैं कि कार्यालयों में कार्यरत शासकीयध्अशासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। 20 जनवरी 2024 तक सभी अधिकारी अपने कार्यालयों के अधीनस्थ अधिकारी- कर्मचारियों का वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम वोटरलिस्ट में नहीं होने की स्थिति में उनके वेतन आहरण में रोक लगा दी जाएगी।कलेक्टर ने टीएल बैठक में बताया कि केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने तथा योजनाओं से हुये विकास से आम लोगों को अवगत कराने विकसित संकल्प भारत यात्रा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी तक संचालित रहेगी। हितग्राहियों को योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा शिविर का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में हो। इस यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। जहां यात्रा पहुंचने में समय है वहां केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये हितग्राहियों को अभी से चिन्हित कर ऐसे हितग्राहियों से आवेदन लेकर यात्रा के दौरान ही उन्हें हितलाभ प्रदान किया जाए। यात्रा के दौरान की प्रत्येक गतिविधि को पोर्टल पर समय पर ऑनलाइन वीडियो और फोटो अपलोड करने के निर्देश भी दिये। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्थल पर आयुष्मान कार्ड के वितरण, नये आयुष्मान कार्ड बनाने, किसान क्रेडिट कार्ड, ई-केवायसी एवं आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के पात्र परिवारों की पात्रता पर्ची बनाने के शिविरों के साथ-साथ बैंको से जुड़ी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना के लिये भी अलग से स्टॉल लगाये जायें। बैंकर्स एवं गैस एजेंसी का स्टाफ भी इसमें मौजूद रहें।

### धान उपार्जन के कार्य को गंभीरता से किया जाये, किसानों को नहीं हो कोई असुविधा-

बैठक में धान उपार्जन एवं गन्ना खरीदी कार्य की भी समीक्षा उन्होंने की। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन पश्चात किसानों को समय पर भुगतान किया जाये। उपार्जन केन्द्रों पर नॉन एफएक्यू उपज की खरीदी नहीं हो। इसमें गड़बड़ी करने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाये। इसके लिए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में उपार्जन केन्द्रों का सतत रूप से निरीक्षण करेंगे एवं यहां मौजूद क्वालिटी सर्वेयर के सम्पर्क में रहेंगे। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को असुविधा नहीं हो, इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाये। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश भी बैठक में अधिकारियों को दिये। अधिकारी विभागों के मूल कार्यों पर फोकस करें।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्टर एवं पेट्रोल पम्प संचालकों की हुई बैठक

**नरसिंहपुर ।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के ट्रांसपोर्टर एवं पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एडिशनल एसपी, आरटीओ जितेन्द्र शर्मा, डीएसओ श्रीमती प्रियंका राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था का उल्लंघन न हो। इसकी जानकारी पुलिस एवं परिवहन विभाग को तत्काल दें। पेट्रोल पम्प संचालक समय- समय पर पेट्रोल एवं डीजल स्टॉक की जानकारी जिला प्रशासन को प्रदान कर समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही निर्धारित दर पर ही पेट्रोल एवं डीजल का विक्रय किया जाये। डीएसओ ने बताया कि जबलपुर एवं सागर जिले के डिपो से पेट्रोल एवं डीजल टैंकर की रिफलिंग प्रारंभ हो गई है। नरसिंहपुर जिले को पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### क्षय रोग वयस्क बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान डीटीएफ संबंधी बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर ।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वयस्क क्षय रोग बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा क्षय उन्मूलन के लिए वर्ष 2025 निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में टीबी की बीमारी से बचाव के लिए जिले में शीघ्र ही वयस्क बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान प्रारंभ किया जाना है। इस संबंध में पावर पाइंट के माध्यम से बताया गया कि जिले को प्रदेश के उन 26 जिलों में शामिल किया गया है, जहॉं पर यह अभियान चलाया जायेगा। वयस्क बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान वर्ष 2025 तक क्षय उन्मूलन के लक्ष्य प्राप्ति की ओर एक बड़ा कदम है। वयस्क बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान अंतर्गत टीकाकरण हेतु टीबी मरीजों के संपर्क में आये व्यक्ति, पूर्ण में टीबी का उपचार ले चुके व्यक्ति, बॉडी मॉस इन्डेक्स 18 से कम के व्यक्ति, 60 वर्ष से अधिक आयु समूह के व्यक्ति, स्व प्रतिवेदित धूम्रपान कर रहे व्यक्ति एवं स्वप्रतिवेदित डायबिटीज के मरीज को शामिल किया गया है। टीबी को जड़ से खत्म करने के लिये इस वैक्सीनेशन का अहम योगदान रहेगा। ये वैक्सीन काफी पुरानी एवं सुरक्षित है जो वर्तमान से सभी नवजात बच्चों को लगाई जाती है एवं भविष्य में टीबी के उन्मूलन हेतु वयस्क लोगों को भी लगाई जायेगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे, सिविल सर्जन डॉ. एआर मरावी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. विनय ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी, समस्त एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त तहसीलदार, समस्त विभाग प्रमुख एवं सभी बीएमओ उपस्थित थे।

### मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल का दौरा आज



**नरसिंहपुर ।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल मंगलवार दो जनवरी को जिले के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री पटैल प्रातः 8.15 बजे कार द्वारा जबलपुर से प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे जिले के ग्राम सरसला में राव दिनेश सिंह के निवास पर आयेंगे। इसके बाद प्रातः 9.45 बजे ग्राम सरसला से प्रस्थान कर प्रातः 9.50 बजे राजा हिरदेशाह स्मृति स्थल ग्राम केरपानी आयेंगे और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकतार्ओं से भेंट करेंगे। मंत्री श्री पटैल प्रातः 10.20 बजे केरपानी से प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे ग्राम समनापुर आयेंगे। वे यहां आसन जी में दर्शन व पूजन करेंगे। इसके बाद वे प्रातः 11 बजे ग्राम समनापुर से प्रस्थान कर प्रातः 11.20 बजे ग्राम उमरिया आयेंगे और स्वागत कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री पटैल प्रातः 11.25 बजे ग्राम उमरिया से प्रस्थान कर ग्राम देवाकछार आयेंगे।

# रेंजर प्यासी के संरक्षण में राजस्व की हानि पहुंचा रहा नाकेदार

## सागौन वृक्षारोपण में गड़बड़ी, बचाव मे रेंजर ने रखा झूठा पक्ष

### विभाग के अधिकारी को नही दी सही जानकारी ?

वनों को बचाने व उन्हे हरे भरे बनाये रखने के लिये सरकार द्वारा अनेको प्रयास किये जा रहे है । वही शासन द्वारा लाखों रूपये की राशि आवंटित कर वृक्षारोपण कर वनों को सुरक्षित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है ।

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर ।





वही विभाग मे बैठे जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही के कारण वृक्ष लगाये ही नही जाते और कागजों मे दर्शाया जाता है कि वृक्षारोपण पूर्ण हो चुका है । ऐसा मामला नरसिंहपुर वन परिक्षेत्र के गोरखपुर सहायक परिक्षेत्र का सामने आया जहां पर वृक्षारोपण मे भारी लापरवाही बरती गई ।

### मामला इस प्रकार

शासन द्वारा वर्ष 2022 मैं वृक्षारोपण स्वीकृत किया गया और तय किये गये मापदंड के अनुसार वृक्ष दिये गये जिसमे विभाग के जिम्मेदार नाकेदार द्वारा वृक्षारोपण कराया गया। लगाये गये प्लांटेशन मे रोपण के उपरांत जरूरी सभी कार्रवाई भी कागजों पर कर ली गई । रोपण के दौरान आये पौधों मे से लगभग 1500 से दो हजार सागौन के वृक्ष रोपित नही किये गये। उक्त बात रेंजर पी के प्यासी द्वारा बताई गई और उन पौधों को किनारे मे रख दिया गया । बताया गया कि यह पौधे खराब है जबकि उक्त पौधों मे हरे पत्ते आज भी लगे हुये है । विचारणीय है कि पौधे खराब थे तो दो वर्ष तक हरे क्यों है ऐसे कई सवाल उत्पन्न हो रहे है । रेंजर की माने तो रोपण के दौरान 20 प्रतिशत पौधे अधिक दिये जाते है जबकि 10 प्रतिशत पौधे दिये है और वन संपदा का सोना सागौन 20 प्रतिशत अधिक देने की बात किसी नियम में भी उल्लेखित नजर नही आई ।

### नियमों को दिखाया जा रहा धता

नाकेदार के बचाव मे रेंजर पी के प्यासी द्वारा बातया गया कि वृक्षा रोपण मे 20 प्रतिशत पौधे रोपणी से अधिक दिये जाते है । जबकि नियमानुसार रोपण के दौरान 10 प्रतिशत से अधिक पौधे नही दिये जाते है । बचाव के दृष्टि से रेंजर द्वारा झूठ बोल कर नाकेदार को बचाते नजर आये । जबकि नियमानुसार रोपणी एवं केजुएल्टी मे आये पौधें यदि बच जाते है तो विभाग द्वारा उन्हे संरक्षित रखा जाता है तथा उनका रोपण सुनिश्चित किया जाता है । ऊसरी वीट मे नाकेदार द्वारा पौधों को खुले मे रख कर इतिश्री कर लिया गया। सूत्रों की माने तो नाकेदार द्वारा उक्त पौधों का रोपण ही नही कराया गया और शासकीय राजस्व की हानि भी पहुंचाई गई है । प्रशासन को चाहिये की ऐसे लापरवाह कर्मचारी पर ठोस कार्रवाई की जानी चाहिये ।

### रेंजर को नही है सही जानकारी

विभाग के जिम्मेदार अधिकारी रेंजर को संबंधित ऊसरी वीट के नाकेदार दिनकर शर्मा द्वारा सही जानकारी नही दी गई । जबकि उक्त पौधे केजुएल्टी कार्य के दौरान आये हुये थे जो लगाये नही गये । वही रेंजर द्वारा बताया जा रहा है कि पौधें रोपण के दौरान 20 प्रतिशत अधिक दिये जाते है यह वह पौधे है नाकेदार के अनुसार पौधे केजुएल्टी के है इससे प्रतीत होता है कि नाकेदार द्वारा रेंजर को सही जानकारी नही दी जाती है या रेंजर द्वारा नाकेदार के बचाव मे झूठ बोला जा रहा है । वही रेंजर द्वारा नाकेदार को बचाने के लिये इतना अधिक झूठ बताया दिया गया कि जो नियम मे नही है और ना ही इस उल्लेख किसी ओदश मे मिला है हो सकता है कि रेंजर के लिये कोई विशेष आदेश जारी किया गया हो ? उक्त मामले की जांच के दौरान ही स्पष्ट हो सकेगा । विभाग को चाहिये की जांच कराकर ठोस कार्रवाई की जावे ।

### इनका कहना है

उक्त संबंध मे आपके द्वारा मुझे जानकारी दी गई है मै इसकी जांच कराता हूं जांच मे जो भी दोषी पाया जाता है विधिसम्मत कार्रवाई की जावेगी ।

**लबित भारती , डीएफओ नरसिंहपुर**

ऊसरी वीट मे जो पौधे रखे हुये है वह पिछले वर्ष हुये वृक्षा रोपण मे 20 प्रतिशत पौधे अधिक दिये गये थे वह पौधे है जो कि खराब है, इस वर्ष उक्त वीट मे वृक्षा रोपण नही हुआ है ।

**पी के प्यासी , रेंजर नरसिंहपुर**

मेरी वीट मे 2022 मे वृक्षारोपण हुआ था उसकी केजुएल्टी मे आये हुये पौधे रखे हुये है, प्लांटेशन व केजुएल्टी मे प्रति वर्ष 10 प्रतिशत पौधे प्राप्त होते है यह वही पौधे है जो रोपण के लिये आये हुये थे ।

**दिनकर शर्मा, नाकेदार**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में मैदानी अमला रहे मौजूद : कलेक्टर

### टीएल बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राजस्व सहित मैदानी अमला अनिवार्य रूप से मौजूद रहेगा। इन शिविरों में आने वाले आवेदनों का निराकरण कर उसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने साप्ताहिक टीएल बैठक में मौजूद अधिकारियों को दिए हैं।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस यात्रा में पात्र वंचित हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। इसके लिए विभागीय स्टाल भी लगाये जायें। इनमें विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहकर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। बैठक में उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर भी विस्तृत समीक्षा की। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक किया जाये। राजस्व से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की रोजाना समीक्षा एसडीएम करेंगे, इसमें मुख्यतः अविवादित नामांतरण, बँटवारा शामिल है।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी में आवास की प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय किश्त का भुगतान समय पर हो। जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ इसकी साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। धान उपार्जन की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 86 करोड़ रुपये की धान खरीदी की जा चुकी है।इसमें से 41 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी एसडीएम को शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का सतत रूप से एसडीएम निरीक्षण करने निर्देशित किया।शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों की गणवेश सिलाई में उपयोग किए जाने वाले कपड़े की गुणवत्ता का आँकलन एसडीएम, सीईओ, बीईओ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। जिले में अमृत सरोवर सहित अन्य जल संरचनाओं में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं जिले के किसानों को मछली पालन के कार्य का एक्सपोजर विजिट भी करवाया जाए। किसानों के प्रकरण बनवाकर उनकी बैंकों द्वारा स्वीकृति दिलवाई जाए। विदित है कि जिले में बायो फ्लॉक निर्मित कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। बैठक में समस्त सीईओ एवं सीएमओ संबल 2.0 के अन्तर्गत अनुग्रह सहायता के आने वाले लंबित आवेदनों का निराकरण ,ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों को भी युवाओं के लिए तैयार करने के साथ ही जन जागृति पुस्तकालय के संचालन के लिए ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन करने के भी निर्देश दिये।



# धूमधाम से मनाया नया वर्ष, धार्मिक स्थलों पर रही भीड़

## दिनभर चलता रहा पार्टियों का सिलसिला







सोमवार को सम्पूर्ण जिले मे नव बर्ष की धूम गुंजायमान रही लोगो द्वारा नव बर्ष का जमकर लुफ्त उठाया । नव बर्ष पर सम्पूर्ण धार्मिक स्थलों पर भक्तो की भीड़ अनवारत बनी रही । जिले के प्रसिद्ध नर्मदा तट बरमान रेत घाट और सूरजकुंड में लाखों लोगो ने डुबकी लगाकर मां नमर्दा से प्रार्थना की ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।






यहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और नर्मदा स्नान के साथ पूजन अर्चन करते हुए पिकनिक का आनंद लिया। इसके अलावा सिद्ध दादा धाम, शहर के नजदीकी स्थित झिरना क्षेत्र, आमगांव के नजदीकी पहाड़ी अंचल के दिल्हैरी, नर्मदा तट के केरपानी, महादेव पिपरिया ,टोन घाट , सहित सांकल घाट आदि जगहों पर लोगों ने पहुंच कर मौज मस्ती करते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर नववर्ष मनाया।

### सुख समृद्धि की रखी कामना

दिव्य संस्कार भवन नरसिंहपुर में नव वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज नरसिंहपुर के तत्वावधान में नववर्ष महोत्सव मनाया गया । जिला संचालिका ब्रकु कुसुम दीदी , ब्रकु सरोज बहिन ,वरिष्ठ अधिवक्ता विनय जैन, वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट, भ्राता शिवेंद्र शर्मा,जैन साहब, वरिष्ठ व्यापारी कैलाश नेमा , बी के मुकेश नेमा, रजनी बहिन,रश्मि बहिन, की उपस्थिति में जिले भर से आए सैकड़ो ब्रह्मा कुमार कुमारी भाई बहनों ने नव वर्ष महोत्सव मना कर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की । विश्व में सुख शांति समृद्धि स्वास्थ्य की कामना की गई। बी के कुसुम दीदी जी ने सभी जिले वासियों को नूतन वर्ष में सुखी समृद्ध एवं स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी। बाल कलाकारों ने प्रेरणा दाई लघु नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।

### रामधुन मंडल ने मनाया नव वर्ष

नव वर्ष के स्वागत में सुबह से ही हर्षोल्लास देखा गया। योग समिति व त्रिमूर्ति रामधुन मंडल ने गायत्री मंदिर परिसर नरसिंहपुर में नव वर्ष मनाया। योग समिति से योगाचार्य एन.सी.जैन व जे.के पटेल ने सूर्योदय पूर्व उठने एवं योग प्राणायाम सहित अनुशासनात्मक दिनचर्या के माध्यम से वर्ष भर स्वस्थ्य प्रसन्न रहने का मंत्र दिया। गुरमुख माखीजा ने कुरीतियों सहित नशा से मुक्ति दिलाने हेतु सभी को संकल्प दिलाया। साहित्यकार कविवर अशोक त्रिपाठी ने अपने काव्यपाठ से सभी को गुदगुदाया हंसाया एवं नये वर्ष की शुभकामनाएं यूं प्रेषित कीं । नये साल में आपके पूरे हों सब काम कृपा करे मां शारदे सुखी रखें श्रीराम,।गायक गीतकार सुधीर दुबे ने सुमधुर गीत गाकर सभी को भावविभोर किया। त्रिमूर्ति रामधुन मंडल सदर मढ़िया के सदस्यों में डॉ.के.एल.साहू,मनोज श्रीवास्तव,अशोक साहू,बीरबल वर्मा, शिवकुमार संतोष प्रीतम पटेल ने कोरस गीत और सुमधुर भजन प्रस्तुत कर आयोजन को यादगार बनाया।

### मां नर्मदा जी का किया पूजन अर्जन

नव वर्ष के प्रथम दिन सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि ब्रह्मांड घाट के बरमान खुर्द के रेत घाट सीढ़ी घाट पर छिंदवाड़ा, सिवनी , सागर, दमोह से हजारों श्रद्धालु भक्त जनों ने पहुंचकर मां नर्मदा नदी का पूजन अर्चन व दीपेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान दीपेश्वर का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया और भगवान भगवान दीपेश्वर का अभिषेक नर्मदा जल , दूध , शहद से किया और क्षेत्र के खुशहाली की कामना के साथ साथ परिवार के खुशहाली की कामना भी की नववर्ष के अवसर पर रेत घाट पर पहुंचकर छोटे-छोटे बच्चों ने मिकी माउस, इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन, का आदि का भी आनंद लिया ।

### प्रशासन की रही चौकसी

नव वर्ष पर मां नर्मदा के सभी घाटों पर बड़ी संख्या मे भक्तों की भीड़ रही द्ध वही प्रशासन भी चौकन्ना रहा और किसी प्रकार की कोई अनहोनी नही हुई । वही बरमान घाट में सागर के पास ग्राम झिरी देवरी का एक छोटा बच्चा जिसकी उम्र 5 वर्ष बताई जा रही है थी जो अपना नाम अंश कुर्मी पिता दिनेश कुर्मी अपने माता-पिता से बिछड़ जाने के 4 से 5 घंटे तक परेशान होता रहा । जानकारी मिलने पर पत्रकार भागीरथ तिवारी सुभाष तेनगुरिया ,सुधीर पटवा ,मनीष दुबे आदि मूलचंद सेन आदि को लगी तो उन्होंने संपर्क कर इस 5 वर्ष की उम्र के बच्चे को माता-पिता के हवाले पुलिस के सहयोग से किया । रेत घाट पर पुलिस कप्तान अमित कुमार, ए एस पी नागेंद्र पटेरिया , एस, डी ओ पी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में करेली पुलिस थाना प्रभारी के नेतृत्व में करेली पुलिस लगातार गस्त कर रही थी दाल बाटी भर्ता भी बनाकर खाने का भी आनंद लिया ।

### पिकनिक स्पाटों पर रही भीड़

नये वर्ष के सेलिब्रेशन के लिए जिले के पिकनिक स्पाटों पर भारी भीड़ रही। टोनघाट, चिनकी के पास धुंआधार, राजाबाबू, कालिया दहाड़ जैसे जलप्रपातों के अलावा नर्मदा के उमरिया-चिनकी, बरमान के रेतघाट, सतधारा घाट प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या मे भीड़ रही । नये वर्ष पर बड़ी संख्या मे लोग जिले से बाहर भी नया वर्ष मनाने के लिये गये । जिसमे सलकनपुर , मैहर , सहित विभिन्न स्थानों पर लोग खुशियां मनाते हुये नजर आये ।

# बाहन चालक हड़ताल पर आवागमन में हो रही असुविधा



**तेंदूखेड़ा-** विगत दिनों गुना दुर्घटना को लेकर सरकार द्वारा लिये गये कठोर दंडात्मक कार्यवाही प्रावधानों को लेकर बाहन चालकों ने इसका विरोध करते हुए तीन दिनों तक बाहन ना चलाने का निर्णय लेते हुए शीघ्र ही आदेश कानून में संशोधन की मांग की है। तेंदूखेड़ा में बाहन चालक संघ के ड्राइवरों ने एक रैली निकालकर एक ज्ञापन पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में सौंपा है।इस मौके पर ड्राइवरों ने बताया कि कोई भी ड्राइवर जानबूझकर दुर्घटना नहीं करना चाहता और ना ही बाहन सामने वाले को मारता है। वैसे भी बहुत ही कम राशि में वह अपना किसी भी तरह से गुजारा किया करता है।जो नया प्रावधान निर्धारित किया गया है उसमें लाखों रुपए जुर्माना और दस साल की सजा से तो बहुत से ड्राइवरों के परिवार ही वर्वाद हो जायेंगे।

**'यात्री हो रहे परेशान'-** शनिवार को परिवहन विभाग द्वारा किए गए औचक निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए यात्री बसें ना चल पाने के कारण बाजार आये लोगों को यात्रियों को वापस लौट कर जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं एक जनवरी से शुरू हुई ड्राइवरों की हड़ताल से भी बाहन ना चलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 31 दिसंबर को रात्रि में पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल ना मिलने के कारण भारी भीड़ के साथ आपाधापी मची रही।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं का लाभ पाने हितग्राहियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सोमवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने शिरकत की। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी इस मौके पर नागरिकों को दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत उमरपानी व टेकापार में विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल शामिल हुये। उन्होंने कई हितग्राहियों को मौके पर योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किये। विधायक श्री पटैल ने शिविर को संबोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को उनके हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिले शासन की यह मंशा है। उन्होंने शिविर में मौजूद अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करने निर्देश दिये कि कोई भी पात्र व्यक्ति शिविर से निराश होकर न लौट पाये। इस अवसर पर उन्होंने देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी उपस्थित नागरिकों को दिलाया। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से हर एक व्यक्ति से जुड़कर उनको योजनाओं का लाभ दिलाना चाहते हैं। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

